# बिहार स्पेशल

# घटनाक्रम संग्रह Quiz

## PDF

For

BPSC Prelims

बिहार

&

Bihar Sub Inspector

# बिहार

## घटनाक्रम संग्रह Quiz

## सेट - 4

1. निम्नलिखित में से किस शहर में भारत का पहला फ्लोटिंग बास्केटबॉल कोर्ट आरंभ किया गया है?

a. पूरी

b. मुम्बई

c. कोच्चि

d. विशाखापट्नम

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## मुम्बई

नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन के द्वारा मुंबई के बांद्रा वर्ली सीलिंक के पास अरब सागर में भारत का पहला फ्लोटिंग बास्केटबॉल कोर्ट आरंभ किया गया है।

2. निम्नलिखित में से किस लोकसभा क्षेत्र में देश में पहली बार मोबाइल ऐप की सहायता से मतदान किया जाएगा?

a. हाजीपुर

b. समस्तीपुर

c. पाटलिपुत्र

d. पश्चिमी चंपारण

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

समस्तीपुर

समस्तीपुर लोकसभा उपचुनाव में देश में पहली बार मोबाइल ऐप की सहायता से मतदान किया जाएगा।

इसके लिए हर वोटर्स को क्यू आर कोड लगा एक मतदाता पर्ची दिया गया है जिस क्यू आर कोड को पीठासीन पदाधिकारी अपने मोबाइल एप्प से स्कैन कर वोटर को एक कोड देंगे जिसके पश्चात मतदाता अपने मत डाल सकेंगे।

3. बिजलीघरों को कोयले की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय तथा कोयला मंत्रालय ने संयुक्त रूप से कौन सा पोर्टल विकसित किया है?

a. ऊर्जा

b. विद्युत

c. प्रकाश

d. सूर्या

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

प्रकाश

केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय तथा कोयला मंत्रालय ने संयुक्त रूप से बिजली समस्या से निपटने हेतु 'PRAKASH' नामक पोर्टल लॉन्च किया है।

सरकार ने बिजलीघरों को कोयले की बेहतर उपलब्धता को लेकर सभी संबद्ध पक्षों के बीच बेहतर तालमेल बनाने हेतु यह पोर्टल जारी किया है।

PRAKASH पोर्टल खदानों से लेकर ढुलाई तथा बिजली घरों तक में कोयले की उपलब्धता के बारे में सही जानकारी प्रदान करेगा।

4. जम्मू-कश्मीर राज्य का पुनर्गठन कर जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश का गठन किस तारीख से प्रभाव में आया?

a. 15 अगस्त

b. 1 सितम्बर

c. 2 अक्टूबर

d. 31 अक्टूबर

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## 31 अक्टूबर

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को दो केंद्र शासित प्रदेश घोषित करने वाले राजपत्र पर हस्ताक्षर किया।

देश की एकता के प्रतीक सरदार पटेल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में राज्य के पुर्नगठन के प्रभाव में आने की तारीख 31 अक्टूबर तय की गई।

5. बिहार में वायु प्रदूषण की भयावह स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार ने बिहार में कितने साल पुराने वाहनों के परिचालन पर रोक लगा दी गई है?

a. 6 साल

b. 11 साल

c. 15 साल

d. 25 साल

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## 15 साल

बिहार में वायु प्रदूषण की भयावह स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार ने बिहार में 15 साल पुराने सभी सरकारी व व्यावसायिक वाहनों के परिचालन पर रोक लगा दी गई है।

15 वर्ष से अधिक पुराने निजी वाहन को फिर से प्रदूषण से संबंधित फिटनेस प्रमाण पत्र लेना होगा।

6. गरीबी दूर करने के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस' हर वर्ष किस दिन मनाया जाता है?

a. 16 सितम्बर

b. 17 अक्टूबर

c. 19 नवम्बर

d. 20 दिसम्बर

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

17 अक्टूबर

विश्व समुदाय में गरीबी दूर करने के लिए किए जा रहे प्रयासों के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 17 अक्टूबर, 2019 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस' मनाया गया।

अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस 2019 का मुख्य विषय 'गरीबी खत्म करने के लिए बच्चों, उनके परिवारों और समुदायों के साथ मिलकर कार्य करना' (Acting Together to Empower Children, their families and Communities to End Poverty) है।

7. 'ट्रांस-हिमालयन कनेक्टिविटी नेटवर्क' को लेकर किन दो देशों के बीच समझौता हुआ है?

a. चीन नेपाल

b. चीन भूटान

c. भारत नेपाल

d. भारत भूटान

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

चीन नेपाल

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और नेपाली पीएम केपी शर्मा ओली के बीच 'ट्रांस-हिमालयन कनेक्टिविटी नेटवर्क' को लेकर समझौता हुआ है।

ट्रांस-हिमालयन कनेक्टिविटी नेटवर्क नेपाल को चीन के प्रोजेक्ट द बेल्ट एंड रोड इशिनिएटिव (BRI) से लिंक करेगी।

8. निम्नलिखित में से बिहार के किस स्थान पर राज्य के खादी ग्रामोद्योग विभाग के द्वारा पहला खादी मॉल खोला गया है?

a. पटना

b. सासाराम

c. मोतिहारी

d. मुजफ्फरपुर

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

पटना

बिहार की राजधानी पटना में राज्य के खादी ग्रामोद्योग विभाग के द्वारा पहला खादी मॉल खोला गया है।

9. बालिकाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से निम्नलिखित में से किस राज्य में 'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना' की शुरुआत की गई है?

a. बिहार

b. राजस्थान

c. मध्यप्रदेश

d. उत्तरप्रदेश

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

उत्तरप्रदेश

राज्य में बालिकाओं का सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना' लॉन्च की है।

इस योजना के तहत किसी भी परिवार में बालिका के जन्म पर प्रत्येक परिवार को 15,000 रुपये प्रदान किये जाएँगे।

10. भारत की वन्य जीव संरक्षण संस्था वाइल्डलाइफ एसओएस ने हाथियों के सम्मान में निम्नलिखित में से किस शहर में देश का पहला हाथी स्मारक (elephant memorial) बनाया है?

a. पुरी

b. मथुरा

c. तिनसुकिया

d. जलपाईगुड़ी

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

मथुरा

भारत की वन्य जीव संरक्षण संस्था वाइल्डलाइफ एसओएस ने हाथियों के सम्मान में मथुरा के फहर ब्लॉक के चुरमुरा गांव में देश का पहला हाथी स्मारक (elephant memorial) बनाया है।

यह स्मारक उन हाथियों की याद में बनाया गया है जिन्हें रेस्क्यू ऑपरेशन्स के दौरान बचाने की कोशिश की गई लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

11. वर्ष 2050 तक कार्बन उत्सर्जन को पूर्णतः समाप्त करने के उद्देश्य से किस देश की संसद ने "ज़ीरो कार्बन" बिल पारित किया है?

a. फ्रांस

b. ब्रिटेन

c. स्वीडन

d. न्यूजीलैंड

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## न्यूजीलैंड

न्यूज़ीलैंड ने वर्ष 2050 तक कार्बन उत्सर्जन को पूर्णतः समाप्त करने के उद्देश्य से "ज़ीरो कार्बन" बिल पारित किया।

12. देश का सबसे बड़ा वेटिंग हॉल निम्नलिखित में से किस रेलवे स्टेशन पर बनाया गया है?

a. पटना

b. जयपुर

c. कोलकाता

d. इलाहाबाद

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

पटना

बिहार की राजधानी पटना में देश का सबसे बड़ा वेटिंग हॉल पटना जंक्शन पर बना है।

ये सोलर पॉवर एनर्जी से चलता है जिसके कारण इसका नाम ग्रीन वेटिंग हॉल रखा गया है।

13. निम्नलिखित में से किस भारतीय संस्थान के द्वारा पहले भारतीय मस्तिष्क एटलस (IBA100) का निर्माण किया गया है?

a. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर

b. भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलोर

c. अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद

d. इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ इनफर्मेशन टेक्नोलॉजी, इलाहाबाद

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद

हैदराबाद स्थित अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (International Institute of Information Technology-Hyderabad, IIITH) ने पहले भारतीय मस्तिष्क एटलस Indian Brain Atlas (IBA100) का निर्माण किया है।

शोध के मुताबिक पश्चिमी और अन्य पूर्वी देशो के लोगों की तुलना में भारतीय लोगों का मस्तिष्क औसतन ऊंचाई, चौड़ाई और मात्रा में छोटा होता है।

मेडिकल जर्नल न्यूरोलॉजी इंडिया (Neurology India) में प्रकाशित खबर के मुताबिक ये शोध मस्तिष्क संबंधी बीमारियों और अल्जाइमर जैसी गंभीर बीमारियों का पता लगाने में मदद करेगा।

14. निम्नलिखित में से किस न्यायाधीश ने पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पद के रूप में शपथ ली है?

a. गीता मित्तल

b. संजय करोल

c. जे के माहेश्वरी

d. अरूप कुमार गोश्वामी

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## संजय करोल

जस्टिस संजय करोल ने पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।

पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस बनने से पहले वे त्रिपुरा हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस थे।

15. निम्नलिखित में से किस बंदरगाह पर विश्व का पहला सीएनजी पोर्ट टर्मिनल बनाया जाएगा?

a. मांडवा

b. मंगलोर

c. भावनगर

d. कोझिकोड

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

भावनगर

ब्रिटेन के फोर साइट समूह और मुंबई स्थित पद्मनाभ मफतलाल ग्रुप के सहयोग से गुजरात के भावनगर बंदरगाह पर विश्व का पहला सीएनजी पोर्ट टर्मिनल बनाया जाएगा।

16. विश्व के पहले मुस्लिम योग शिविर का आयोजन निम्न में से किस राज्य में किया जाएगा?

a. केरल

b. मिजोरम

c. उत्तराखंड

d. पश्चिम बंगाल

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

उत्तराखंड

विश्व के पहले मुस्लिम योग शिविर का आयोजन उत्तराखंड के कोटद्वार में किया जाएगा।

इस योग शिविर में मुस्लिम समुदाय के लोग नमाज पढ़ने के साथ पतंजलि योगपीठ के द्वारा बताए गए योगासन भी करेंगे।

17. निम्नलिखित में से किस महिला को भारतीय नौसेना की पहली महिला पायलट के रूप में चुना गया है?

a. भावना कान्त

b. कराबी गोगाई

c. अवनी चतुर्वेदी

d. शिवांगी स्वरूप

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## शिवांगी स्वरूप

बिहार की रहने वाली शिवांगी स्वरूप को भारतीय नौसेना की पहली महिला पायलट के रूप में चुना गया है।

18. निम्नलिखित में से किस झील में फूड पॉयजनिंग 'बोटुलिज़्म' की वजह से हज़ारों प्रवासी पक्षियों की मौत हुई है?

a. चिल्का झील

b. काँवर झील

c. सांभर झील

d. लोकटक झील

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## सांभर झील

जयपुर की सांभर झील में 'बोटुलिज़्म' की वजह से हज़ारों प्रवासी पक्षियों की मौत हुई है।

'बोटुलिज़्म' एक किस्म की फूड पॉयजनिंग है जो बोटुलिन के शरीर में जाने से होती है जो सेंट्रल नर्वस सिस्टम को प्रभावित करती है।

19. नई दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में आईटीपीओ की ओर से बिहार पवेलियन को कौन सा पुरस्कार प्रदान किया गया?

a. गोल्ड मेडल

b. सिल्वर मेडल

c. ब्रॉन्ज मैडल

d. संतावना पुरस्कार

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## गोल्ड मेडल

नई दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में बिहार पवेलियन ने रिकॉर्ड कायम रखते हुए पांचवीं बार गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

इससे पहले बिहार पवेलियन को वर्ष 2014, 2015, 2016 और 2018 में गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ था।

आईटीपीओ की ओर से बिहार पवेलियन को उत्कृष्ट साज-सज्जा व प्रदर्शन के लिए गोल्ड मेडल दिया गया है।

20. भारतीय रेल के वित्तीय प्रबंधन में पेशेवर प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से निम्नलिखित में से किस शहर में भारतीय रेल वित्तीय प्रबंधन संस्थान की स्थापना की गई है?

a. खड़गपुर

b. हैदराबाद

c. प्रयागराज

d. नई दिल्ली

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## हैदराबाद

भारतीय रेल के वित्तीय प्रबंधन में पेशेवर प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से हैदराबाद में भारतीय रेल वित्तीय प्रबंधन संस्थान की स्थापना की गई।

भारतीय रेल वित्तीय प्रबंधन संस्थान (IRIFM) रेलवे के वित्त एवं लेखा अधिकारियों को वित्तीय प्रबंधन का पेशेवर प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

21. भारतीय रेलवे के द्वारा यात्रियों को स्वस्थ एवं सही आहार उपलब्ध कराने के लिए शुरू किए गए 'ईट राइट स्टेशन' अभियान के तहत किस रेलवे स्टेशन को देश का पहला 'ईट राइट स्टेशन' घोषित किया गया है?

a. अम्बाला कैंट जंक्शन

b. न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन

c. मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन

d. गाँधीनगर जयपुर रेलवे स्टेशन

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन

मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन देश का पहला 'ईट राइट स्टेशन' है, जिसे भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने प्रमाणित किया है।

भारतीय रेलवे ने यात्रियों को स्वस्थ एवं सही आहार उपलब्ध कराने के लिए 'ईट राइट स्टेशन' अभियान शुरू किया, जो FSSAI द्वारा वर्ष 2018 में शुरू किए गए 'ईट राइट इंडिया' अभियान का एक हिस्सा है।

22. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जल-जीवन-हरियाली यात्रा की शुरुआत किस जिले से करेंगे?

a. पटना

b. कैमूर

c. नालन्दा

d. पश्चिमी चंपारण

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

पश्चिमी चंपारण

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जल-जीवन-हरियाली यात्रा की शुरुआत पश्चिमी चंपारण जिले से करेंगे।

इस यात्रा के क्रम में लोगों को जल और हरियाली के विषय में जागरूक किया जाएगा।

23. किस देश में आज़ादी हासिल करने के लिए हुए जनमत संग्रह में 'बोगनविले द्वीप' को एक अलग राष्ट्र बनाए जाने की घोषणा की गई है?

a. सेशल्स

b. न्यूजीलैंड

c. इंडोनेशिया

d. पापुआ न्यू गिनी

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

# पापुआ न्यू गिनी

'बोगनविले द्वीप' पापुआ न्यू गिनी से अलग होकर एक अलग राष्ट्र बन जाएगा।

पापुआ न्यू गिनी से आज़ादी हासिल करने के लिए हुए जनमत संग्रह में अलग देश के समर्थन में 98% (176,928) लोगों ने मतदान किया जबकि सिर्फ 2% लोगों ने पापुआ न्यू गिनी के साथ रहने के समर्थन में मत दिया।

10 साल तक बोगेनविले और पापुआ न्यू गिनी के बीच चले खूनी गृह युद्ध के सन् 1998 में खत्म होने के बाद दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से ऐसा जनमत संग्रह कराए जाने का फैसला लिया था।

24. 2020 में 36वें अंतर्राष्ट्रीय भूवैज्ञानिक कांग्रेस (IGC) का आयोजन किस देश में किया जाएगा?

a. स्पेन

b. भारत

c. ब्राजील

d. बांग्लादेश

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

भारत

भारत मार्च 2020 में 36वें अंतर्राष्ट्रीय भूवैज्ञानिक कांग्रेस (IGC) की मेजबानी करेगा।

नई दिल्ली में आयोजित होने वाली इस कांग्रेस की थीम 'भू-विज्ञान : समावेशी विकास के लिए मूलभूत विज्ञान' है।

भू-विज्ञानों के ओलम्पिक के नाम से जाना जाने वाला यह प्रतिष्ठित वैश्विक भूवैज्ञानिक सम्मेलन चार वर्षों में एक बार आयोजित किया जाता है।

25. निम्नलिखित में से कौन बल्लेबाज टेस्ट और वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में पदार्पण पर शतक जड़ने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं?

a. ऋषभ पंत

b. आबिद अली

c. जोस हैजलवुड

d. ओसादा फर्नान्डो

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## आबिद अली

पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज आबिद अली टेस्ट और वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में पदार्पण पर शतक जड़ने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं।

26. भ्रष्टाचार को लेकर जारी किए गए 'इंडिया करप्शन सर्वे 2019' रिपोर्ट के मुताबिक भ्रस्टाचार के मामले में बिहार देश में किस स्थान पर है?

a. पहले

b. पाँचवें

c. एगारहवें

d. उन्नीसवें

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

कोई नहीं/ एक से अधिक

देश में भ्रष्टाचार को लेकर India Corruption Survey (इंडिया करप्शन सर्वे-2019) ने एक रिपोर्ट जारी की है।

इंडिया करप्शन सर्वे 2019 की रिपोर्ट के मुताबिक, राजस्थान देश का सबसे भ्रस्ट राज्य है जबकि बिहार भ्रस्टाचार के मामले में देश मे दूसरे स्थान पर है।

27. किस देश ने महात्मा गांधी के विचारों और उद्धरणों से प्रेरित ‘गांधी नागरिकता शिक्षा पुरस्कार’ आरंभ करने किये जाने की घोषणा की है?

a. ब्रिटेन

b. जापान

c. पुर्तगाल

d. दक्षिण अफ्रीका

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## पुर्तगाल

पुर्तगाल के प्रधानमंत्री अंतोनियो कोस्टा ने महात्मा गांधी के आदर्शों को शाश्वत बनाए रखने हेतु उनके विचारों और उद्धरणों से प्रेरित 'गांधी नागरिकता शिक्षा पुरस्कार' आरंभ करने किये जाने की घोषणा की है।

अंतोनियो कोस्टा के अनुसार 'गांधी नागरिकता शिक्षा पुरस्कार' सामाजिक कल्याण के लिए समर्पित होगा।

28. निम्नलिखित में से कौन सा देश भारतीय औषधि कोष (फार्माकोपिया) को मान्यता प्रदान करने वाला विश्व का पहला देश बन गया है?

a. फिजी

b. मॉरीशस

c. ब्रिटेन

d. अफगानिस्तान

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

अफगानिस्तान

अफगानिस्तान ने भारतीय औषधि कोष (द इंडियन फार्माकोपिया) को औपचारिक रूप से मान्यता प्रदान की है।

अफगानिस्तान भारतीय औषधि कोष (फार्माकोपिया) को मान्यता देने वाला पहला देश बन गया है।

भारतीय औषधि कोष मान्यता प्राप्त शब्दकोष है जो दवाओं की पहचान, शुद्धता और शक्ति की दृष्टि से दवाओं को बनाने और विपणन के मानकों की जानकारी देता है।

29. बिहार के मुख्यमंत्री ने पटना में किस दिवंगत नेता के सम्मान में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया है?

a. अरुण जेटली

b. सुषमा स्वराज

c. मनोहर पार्रिकर

d. अटल बिहारी वाजपेयी

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

## अरुण जेटली

बिहार के मुख्यमंत्री ने पटना में दिवंगत नेता अरुण जेटली के सम्मान में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया है।

प्रतिमा के अनावरण के साथ साथ मुख्यमंत्री ने ऐलान किया कि हर साल बिहार में दिवंगत बीजेपी नेता जेटली की जन्मतिथि 28 दिसम्बर को राजकीय समारोह के रूप मनाया जाएगा।

30. उपभोक्ता आदोलन के महत्व और प्रत्येक उपभोक्ता को उसके अधिकारों और ज़िम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से हर साल किस दिन राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है?

a. 15 सितम्बर

b. 16 अक्टूबर

c. 19 नवम्बर

d. 24 दिसम्बर

e. कोई नहीं/ एक से अधिक

24 दिसम्बर

उपभोक्ता आदोलन के महत्व और प्रत्येक उपभोक्ता को उसके अधिकारों और ज़िम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से हर साल 24 दिसम्बर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है।

24 दिसम्बर 1986 को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम लागू हुआ था जिसके उपलक्ष्य में हर वर्ष 24 दिसम्बर को इसका आयोजन किया जाता है।

इस वर्ष उपभोक्ता दिवस का विषय 'उपभोक्ता शिकायत और विवाद के समाधान की वैकल्पिक प्रणाली' है।

source

hindvanshieducation.com

हिन्दवंशी